Result Mitra Daily Magazine

कारगिल विजय दिवस

- **प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई**
- भारत और पाकिस्तान के मध्य 1999 में कारगिल युद्ध हुआ।
- लगभग 60 दिन तक चला
- 26 जुलाई 1999 को भारत की विजय के साथ समाप्त
- युद्ध में शहीद भारतीय जवानों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है।
- 2024 में राष्ट्र इस घटना की 25 वीं वर्षगांठ मनाएगा।

महत्वपूर्ण बिन्दु -

- 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1999 में दोनों देशों के मध्य 'लाहौर में घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर।
- इसका उद्देश्य दोनों देशों के मध्य शांति बहाल करना तथा कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा हल करने का वादा।
- पाकिस्तान ने भारत-पाक नियंत्रण रेखा के अन्दर घुसपैठ करना प्रारम्भ किया जिसे ऑपरेशन बद नाम दिया।
- ऑपरेशन बद का उद्देश्य भारत को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना तथा कश्मीर और लद्दाख के बीच की कड़ी को तोड़ना था।
- भारतीय सेना को इस घुसपैठ का एहसास हो गया और पाकिस्तान की योजना को नष्ट करने हेतु ऑपरेशन विजय के नाम से ऑपरेशन प्रारम्भ किया और 2 लाख सैनिकों को कारगिल भेजा।
- इस युद्ध में भारत के 527 सैनिकों ने अपना बलिदान दिया

कारगिल क्षेत्र का राजनीतिक महत्त्व -

- कारगिल क्षेत्र का राजनीतिक महत्व इसकी भौगोलिक अवस्थिति के कारण भारत के लिए बहुत अधिक है।
- कारगिल जोजिला दर्रे पर उच्च ऊंचाई वाला क्षेत्र है, जो श्रीनगर को उत्तरी क्षेत्रों और नियंत्रण रेखा (LOC) के भारतीय पक्ष के लेह से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में कार्य करता है।

Result Mitra

अन्य महत्वपूर्ण बिंदु -

- इस युद्ध में भारतीय सेना ने पहली बार ऊंची पर्वत चोटियों पर स्थित पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए बोजोर्स FH-77B हॉवित्जर का इस्तेमाल किया।
- संघर्ष के दौरान निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इजराइल ने भारत को मानव रहित वाहन (UAV) प्रदान किए।
- कारगिल युद्ध भारत में टेलीविजन चैनलों पर लाइव प्रसारित होने वाले युद्ध का पहला उदाहरण।

नियंत्रण रेखा (LOC) के बारे में -

- ✓ LOC भारत और पाकिस्तान के बीच एक युद्ध विराम रेंखा है, इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता नहीं दी गई है।
- ✓ इसे 1972 के द्विपक्षीय शिमला समझौते द्वारा परिभाषित और संरक्षित किया गया।
- ✓ इसे प्रारंभ में कश्मीर युद्ध के बाद 1948 में 'युद्ध विराम रेखा' के रूप में स्थापित किया गया था, इसे औपचारिक रूप से शिमला समझौते के तहत 1972 में LOC के रूप में नामित किया गया।
- ✓ LOC को भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों (DGMO) द्वारा हस्ताक्षरित मानचित्र पर चित्रित किया गया है और इसे बाध्यकारी समझौते की अंतरराष्ट्रीय कानूनी स्थिति प्राप्त है।
- ✓ LOC के भारतीय नियंत्रित हिस्से में जम्मू और कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र शामिल है, जबकि पाकिस्तान नियंत्रित हिस्से में आजाद जम्मू और कश्मीर, गिलगित, बाल्टिस्तान शामिल है।
- ✓ NJ 9842 नियंत्रण रेखा के सबसे उत्तरी बिंदु को चिन्हित करता है।

Result Mitra